राजस्थान सरकार
तकनीकी शिक्षा विभाग

एफ 20(5)तशि/2004 पार्ट।। जयपुर दिनांक 29 जून, 2021

**प्राचार्य एवं सदस्य सचिव,**
अभियांत्रिकी महाविद्यालय सोसायटी,
अजमेर/बीकानेर/भरतपुर/झालावाड़/भीलवाड़ा।

**विषय** :– महाविद्यालय सोसायटी की बैठक दिनांक 23.06.2021 का कार्यवाही विवरण एवं कॉमन निर्णय भिजवाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निर्देशानुसार लेख है कि आपके महाविद्यालय सोसायटी की बीओजी की बैठक माननीय मंत्री महोदय, तकनीकी शिक्षा द्वारा दिनांक 23.06.2021 को ऑनलाईन आयोजित की गई थी जिसका कार्यवाही विवरण एवं कॉमन निर्णय सक्षम अनुमोदन उपरान्त संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्न उपरोक्तानुसार

भवदीय

(डॉ मनीष गुप्ता)
संयुक्त सचिव, त.शि.

**प्रतिलिपिः**– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. विशिष्ठ सहायक, माननीय मंत्री महोदय, तकनीकी शिक्षा विभाग।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, तकनीकी शिक्षा।
3. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त सचिव, त.शि.

# अभियांत्रिकी महाविद्यालय समिति अजमेर

## शासी परिषद् की बाईसवीं बैठक

(ऑनलाईन वी.सी. के माध्यम से)

**समय : – दोपहर 01:30 बजे, जून 23, 2021**

# कार्यवृत

## समिति के अधीन संचालित महाविद्यालय

1. अभियांत्रिकी महाविद्यालय अजमेर

2. महिला अभियांत्रिकी महाविद्यालय अजमेर

3. अभियांत्रिकी महाविद्यालय बांसवाड़ा

# अभियांत्रिकी महाविद्यालय, समिति, अजमेर

## 22वीं शासी परिषद् की बैठक के कार्यवाही विवरण (सूक्ष्म)

अभियांत्रिकी महाविद्यालय समिति, अजमेर के शासी परिषद् की 22वीं बैठक दिनांक 23.06.2021 को ऑनलाईन वी. सी. के माध्यम से दोपहर 01.30 बजे माननीय डॉ. सुभाष गर्ग, तकनीकी शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार एवं अध्यक्ष, शासी परिषद्, अभियांत्रिकी महाविद्यालय समिति, अजमेर की अध्यक्षता में आहूत हुई। उक्त बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहेः–

1. श्री नारायण लाल मीणा, शासन सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, सदस्य
2. प्रो. एन. सी. शिवप्रकाश, भारतीय विज्ञान संस्थान. बैंगलुरू, चैयरमेन
3. प्रो. आर. पी. दहिया, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, नई दिल्ली द्वारा नामित
4. श्री प्रेम चन्द मकवाना, निदेशक, प्राविधिक शिक्षा मण्डल राजस्थान, जोधुपर
5. डॉ. एस. के. बंसल, डीन, एफ.ओ.ई.ए., बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर, सदस्य
6. डॉ. विमल चन्द जैन, सह–आचार्य, अभियांत्रिकी महाविद्यालय, अजमेर, सदस्य
7. डॉ. रेखा मेहरा, प्राचार्य, अभियांत्रिकी महाविद्यालय, अजमेर एवं सदस्य सचिव

**निम्न आमंत्रित सदस्य भी उपस्थित रहे :**

8. प्रो. आर. ए. गुप्ता, माननीय कुलपति महोदय, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
9. प्रो. अमरिश शरण विद्यार्थी, माननीय कुलपति महोदय, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर
10. श्री राजेश कुमार चौहान, संयुक्त शासन सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर
11. श्री मनीष गुप्ता, संयुक्त सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर
12. डॉ. जितेन्द्र कुमार डीगवाल, प्राचार्य, महिला अभियांत्रिकी महाविद्यालय, अजमेर
13. डॉ. बी. एल. गुप्ता, प्राचार्य, अभियांत्रिकी महाविद्यालय, बाँसवाडा
14. डॉ. सन्दीप कुमार, निदेशक, सी.ई.जी., जयपुर
15. डॉ. उदय ए. दबाडे, एसपीए, SPA, TEQIP-III, जयपुर
16. डॉ. एच. एस. मेवाड़ा, TEQIP-III Coord., अभियांत्रिकी महाविद्यालय, अजमेर
17. डॉ. कमलेश उपाध्याय, उप कुलसचिव (वित्त), अभियांत्रिकी महाविद्यालय, अजमेर

सदस्य सचिव द्वारा माननीय अध्यक्ष महोदय एवं समस्त प्रबुद्धजनों का स्वागत करने के पश्चात, अध्यक्ष महोदय की अनुमति से शासी परिषद् सभा की कार्यवाही आरम्भ की गई।

### प्रस्ताव एवं कार्यवृत

प्रस्ताव सं. 22.01 : **20वीं व 21वीं शासी परिषद् के कार्यवाही विवरण (सूक्ष्म) की पुष्टि व क्रियान्विति अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

निर्णय : – अनुमोदित।

प्रस्ताव सं. 22.02 : **अभियांत्रिकी महाविद्यालय समिति अजमेर के अन्तर्गत संचालित अभियांत्रिकी महाविद्यालयों को राज्य सरकार के बजट घोषणा 2021-22 के पैरा संख्या 313.00.00 के अनुसार संघटक महाविद्यालय बनाने की कार्यवाही करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत।**

राज्य सरकार के बजट 2021–2022 के पैरा संख्या 313.00.00 की क्रियान्वति हेतु अभियांत्रिकी महाविद्यालय सोसायटी अजमेर के अन्तर्गत वर्तमान में संचालित तीन अभियांत्रिकी महाविद्यालयों यथा अभियांत्रिकी महाविद्यालय अजमेर एवं महिला अभियांत्रिकी महाविद्यालय अजमेर को बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय बीकानेर एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय बांसवाड़ा को गोविन्द गुरू जनजातिय विश्वविद्यालय बांसवाड़ा का संघटक कॉलेज बनाने की अनुमति प्रदान करने एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय सोसायटी अजमेर के अन्तर्गत संचालित अभियांत्रिकी महाविद्यालय अजमेर एवं महिला अभियांत्रिकी महाविद्यालय अजमेर की Entity को समाप्त करते हुए इनकी समस्त परिसंपत्तियाँ / दायित्व / देनदारियाँ / कर्मचारी / अनुबंध इत्यादि को बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय बीकानेर एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय बांसवाड़ा की Entity को समाप्त करते हुए इसकी समस्त परिसंपत्तियाँ / दायित्व / देनदारियाँ / कर्मचारी / अनुबंध इत्यादि को गोविन्द गुरू जनजातिय विश्वविद्यालय बांसवाड़ा को हस्तान्तरित करने के लिए राज्य सरकार को आदेश जारी करने के लिए अधिकृत करना एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय सोसायटी अजमेर के मेमोरन्डम ऑफ एसोसिएशन के नियम संख्या 19 एवं संशोधित नियम 54 दिनांक 29.09.2004 के अनुसार सोसायटी को भंग करने संबंधी आदेश जारी करने हेतु राज्य सरकार को अधिकृत करने हेतु एजेण्डा अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय : – अनुमोदित।

अध्यक्ष महोदय और सभी माननीय सदस्यों को सदस्य सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ बैठक समाप्त हुई।

## दिनांक 23.06.2021 को अभियांत्रिकी महाविद्यालयों की हुई बी. ओ. जी. की बैठक के दौरान लिये गये कॉमन निर्णय : –

01. सभी अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के प्राचार्य संकाय सदस्य, कर्मचारी, अनुबन्ध पर कार्यरत कार्मिकों, के पदों के सृजन, नियुक्ति आदेश, व्यक्तिगत पत्रावलियों, आय–व्यय विवरण, एसेट एवं लाइविलिटी, अंकेक्षण रिपोर्ट इत्यादि के विवरण शीघ्र तैयार करें।

02. राज्य सरकार की ओर से इन सभी अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के संघटक महाविद्यालय बन जाने के पश्चात् इन अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के शैक्षणिक कार्मिकों के सम्बन्धित विश्वविद्यालयों में समायोजन हेतु एक स्क्रीनिंग समिति का नियमानुसार गठन किया जायेगा।

03. इन महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के नामांकन में यदि कोई समस्या आती है तो इसके लिए कुलपति आरटीयू, कोटा की अध्यक्षता में राज्य सरकार की ओर से एक समिति का गठन किया जायेगा।